>

Title: Need to accord the status of a Central University to Kumaon University, Uttarakhand.

श्री के.सी. सिंह 'बाबा' (नैनीताल) : महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान उत्तराखंड के कुमाऊं विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किये जाने के संबंध में आकर्षित करना चाहता हूं। प्रत्येक राज्य में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने की घोÂषणा कुछ समय पूर्व माननीय प्रधान मंत्री जी ने की थी।

महोदय, उत्तराखंड एक पर्वतीय राज्य है जहां 65 प्रतिशत वन भूमि, 12 प्रतिशत कृÂिा भूमि, एवं 10 प्रतिशत बंजर भूमि हे तथा साक्षरता दर केरल के बाद दूसरे स्तर पर है। दुर्गम एवं पर्वतीय भागों में उद्योग स्थापित नहीं होने के कारण भी इस क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास संभव नहीं हो पाया है तथा क्षेत्रवासी इससे वंचित हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों में स्थित विश्वविद्यालयों को दुर्गम क्षेत्र में होने तथा पर्यावरण की दृष्टि से केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है। उत्तराखंड एक पहाड़ी एवं दुर्गम स्थल होने के कारण इस क्षेत्र में ज्ञान अर्जन से कौशल ही युवाओं की सम्पत्ति है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उत्तराखंड प्रदेश के कुमाऊं विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाये जिससे क्षेत्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति उत्तराखंड में उच्च शिक्षा में गुणात्मक अभिवृद्धि प्रदेश एवं राÂट्र की प्रगति तथा मानवता के प्रसार को गति मिले।